# MP BOARD CLASS 12 PAPER 2013

# हिन्दी (विशिष्ट) : कक्षा XII

समय : 3 घण्टा ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश**– (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(ii) प्रश्न-पत्र में दिए गए निर्देश सावधानीपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
(iii) आरम्भ में दिए गए वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए।
(iv) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए (5 × 5 = 25) एक-एक अंक निर्धारित है।
(v) प्रत्येक प्रश्न के लिए आबण्टित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

**प्रश्न 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों का चयन कर कीजिए**– 1 × 5 = 5

(i) ............... के आगमन के साथ ही हिन्दी आलोचना का आरम्भ माना जाता है। *(भारतेन्दु हरिश्चन्द्र/रामचन्द्र शुक्ल)*

(ii) गणेशशंकर विद्यार्थी ने ............... नामक हिन्दी साप्ताहिक-पत्र प्रारम्भ किया। *(प्रताप/आजादी)*

(iii) सूत्रात्मक शैली के प्रणेता ............... हैं। *(रघुवीर सिंह/रामचन्द्र शुक्ल)*

(iv) "विजयपथ पर बढ़ सिपाही, विजय तेरी है सुनिश्चित," कहा है ...............। *(शिवमंगल सिंह 'सुमन' ने/विष्णुकान्त शास्त्री ने)*

(v) "नाव में जल भरने पर और घर में दाम बढ़ने पर दोनों हाथों से उलीचना चाहिए।" यह कथन है ...............। *(कबीर का/रहीम का)*

उत्तर– (i) रामचन्द्र शुक्ल, (ii) प्रताप, (iii) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, (iv) विष्णुकान्त शास्त्री, (v) कबीर का।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प चुनिए**– 1 × 5 = 5

**(i) गजाधर बाबू नौकरी करते थे**–
(अ) ऑफिस में, (ब) दुकान पर,
(स) रेलवे में, (द) शिक्षा विभाग में।

**(ii) करुण रस का स्थायी भाव है**–
(अ) उत्साह, (ब) शोक,
(स) विस्मय, (द) जुगुप्सा।

**(iii) सुप्रसिद्ध उपन्यास 'चन्द्रकान्ता सन्तति' के उपन्यासकार हैं**–
(अ) प्रेमचन्द, (ब) यशपाल,
(स) वृन्दावनलाल वर्मा, (द) देवकीनन्दन खत्री।

**(iv) सही वर्तनी है**–
(अ) रिचा, (ब) रीचा,
(स) ऋचा, (द) त्रिचा।

https://www.evidyarthi.in/

(v) विघ्न-बाधाएँ सहमकर मार्ग छोड़ देंगी—

(अ) दुष्ट का, (ब) वृद्ध का,

(स) नवयुवक का, (द) शिशु का।

**उत्तर**—(i) (स), (ii) (ब), (iii) (द), (iv) (स), (v) (स)।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित कथनों में सत्य/असत्य छाँटिए—** 1 × 5 = 5

(i) नदी के द्वीप नदी के पुत्र की तरह होते हैं।

(ii) पथिक के रुक जाने से उसका अनुसरण करने वाले अन्य राही भी साहस खो देंगे।

(iii) अध्यक्षता करने के बाद अध्यक्ष सुख की नींद सोते हैं।

(iv) जहाँ कारण के बिना कार्य का होना कहा जाता है वहाँ व्यतिरेक अलंकार होता है।

(v) बाईस से लेकर छब्बीस वर्णों तक के छन्द सवैया कहलाते हैं।

**उत्तर**—(i) सत्य, (ii) सत्य, (iii) सत्य, (iv) असत्य, (v) सत्य।

**प्रश्न 4. निम्नलिखित सही जोड़ी मिलाकर पूर्ण कीजिए—** 1 × 5 = 5

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (i) महानगरों में समस्या होती है | (क) श्लेष |
| (ii) गौरा | (ख) देवकी का व्योमातीत रूप |
| (iii) एक शब्द के एक से अधिक अर्थ हों | (ग) आवास |
| (iv) कंस आतंकित था | (घ) रामकुमार वर्मा |
| (v) नागपंचमी के दिन कुश्ती प्रतियोगिता | (ङ) महादेवी वर्मा |

**उत्तर**—(i) → (ग), (ii) → (ङ), (iii) → (क), (iv) → (ख), (v) → (घ)।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *एक-एक* शब्द अथवा *एक-एक* वाक्य में दीजिए—** 1 × 5 = 5

(i) जिस वाक्य में एक उद्देश्य तथा एक विधेय होता है, वह कैसा वाक्य कहलाता है ?

(ii) दसवाँ रस किसे माना गया है ?

(iii) आधुनिक काल के **दो** महाकाव्यों के नाम लिखिए।

(iv) घनानन्द के अनुसार सनेह का मार्ग कैसा है ?

(v) यशपाल ने साम्यवादी विचारधारा से प्रभावित होकर किस प्रकार की कहानियाँ लिखीं ?

**उत्तर**—(i) सरल या साधारण वाक्य, (ii) वात्सल्य रस को, (iii) साकेत एवं कामायनी, (iv) सीधा और सरल, (v) सामाजिक।

**प्रश्न 6.** अपने को निर्दोष सिद्ध करने के लिये कृष्ण ने यशोदा को क्या-क्या तर्क दिए ? 4

***अथवा***

कवि नवीन ने भारतीय युवाओं को 'काल के भी काल' क्यों कहा है ?

**प्रश्न 7.** कवि मिश्र ने देशवासियों के मिल-जुलकर रहने पर अत्यधिक बल क्यों दिया है ? 4

***अथवा***

evidyarthi
https://www.evidyarthi.in/

एक ही वस्तु किसी को सुन्दर और किसी को कुरूप क्यों नज़र आती है ?

**प्रश्न 8.** प्रगतिवाद की **तीन** प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख **दो** प्रमुख कवियों के नाम उनकी **एक-एक** रचना के साथ लिखिए। **4**

***अथवा***

प्रयोगवादी काव्य की **तीन** प्रमुख विशेषताएँ बताते हुए **दो** प्रमुख कवियों के नाम उनकी **एक-एक** रचना के साथ लिखिए।

**प्रश्न 9.** कहानी और उपन्यास के **तीन** प्रमुख अन्तर स्पष्ट कीजिए। साथ ही **दो** प्रमुख कहानीकारों तथा **दो** उपन्यासकारों के नाम लिखिए। **4**

***अथवा***

द्विवेदीयुगीन निबन्धों की **चार** प्रमुख विशेषताएँ बताते हुए इस युग के **दो** प्रमुख निबन्धकारों के नाम उनकी **एक-एक** रचना के साथ लिखिए।

**प्रश्न 10.** 'नये मेहमान' एकांकी के आधार पर महानगरों में आवास की समस्या पर प्रकाश डालिए। **4**

***अथवा***

बुद्ध को तपस्विनी यशोधरा के आगे क्यों झुकना पड़ा ?

**प्रश्न 11.** उत्तराखण्ड के चारों धाम किन-किन पवित्र नदियों के किनारे स्थित हैं ? **5**

***अथवा***

कारागार से लौटने के पश्चात् कंस की मानसिकता का वर्णन कीजिए।

**प्रश्न 12. (अ)** हास्य रस की परिभाषा सोदाहरण लिखिए।

**(ब)** छप्पय छन्द की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए। **5**

***अथवा***

**(अ)** व्याजस्तुति अलंकार को सोदाहरण समझाइए।

**(ब)** ओज गुण तथा माधुर्य गुण का **एक-एक** उदाहरण लिखिए।

**प्रश्न 13. (अ) निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए—**

दाँत खट्टे करना, आस्तीन का साँप।

**(ब)** राजभाषा किसे कहते हैं ? राजभाषा की **दो** विशेषताएँ लिखिए। **2 + 3 = 5**

***अथवा***

**(अ) निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए—** **2**

(1) दरिद्र होने पर भी वह ईमानदार है। *(संयुक्त वाक्य बनाइए)*

(2) मेरा पुत्र बुद्धिमान है। *(निषेधवाचक वाक्य बनाइए)*

**(ब) भाव-विस्तार कीजिए—** **3**

ईश्वर किसी विशेष धर्म या जाति का नहीं होता।

**प्रश्न 14. डॉ. रघुवीर *अथवा* शरद जोशी का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए—** **2 + 2 + 1 = 5**

(1) दो रचनाएँ, (2) भाषा-शैली, (3) साहित्य में स्थान।

**प्रश्न 15. सूरदास *अथवा* सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' का काव्यगत परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए—** **2 + 2 + 1 = 5**

(1) दो रचनाएँ, (2) भावपक्ष-कलापक्ष, (3) साहित्य में स्थान।

https://www.evidyarthi.in/

**प्रश्न 16. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक की प्रसंग-सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए—** **5**

(अ) गाँव के एकान्त जीवन में डाक मेरा सबसे बड़ा साथी है। किसी अन्तरंग मित्र के आने की तरह मैं उसकी प्रतीक्षा में रहता हूँ। डाक में मुझे अपने मित्रों के पत्रों का बड़ा मोह रहा है। मिलकर तो आदमी बाध्य होता है बात करने के लिए, लेकिन बिना मिले भी जिनमें अपनों के लिए याद जगे, याद के उन चरणों में मैं श्रद्धा से नत हूँ।

(ब) किसी आती हुई आपदा की भावना या दु:ख के कारण के साक्षात्कार से जो एक प्रकार का आवेगपूर्ण अथवा स्तम्भकारक मनोविकार होता है, उसी को भय कहते हैं।

**प्रश्न 17. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की प्रसंग-सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए—** **5**

(अ) *कबिरा संगति साधु की, जो करि जाने कोय।*
*सकल बिरछ चन्दन भये, बाँस न चन्दन होय॥*
*कबीर कुसंग न कीजिए, पाथर जल न तिराय।*
*कदली, सीप, भुजंग मुख, एक बूँद तिर जाय॥*

(ब) *जो पूर्व में हमको अशिक्षित या असभ्य बता रहे*
*वे लोग या तो अज्ञ हैं या पक्षपात जता रहे।*
*यदि हम अशिक्षित, कहें तो सभ्य वे कैसे हुए ?*
*वे आप ऐसे भी नहीं थे, आज हम जैसे हुए॥*

**प्रश्न 18. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए—** **5**

राष्ट्रीय चरित्र का विकास ही प्रजातन्त्र का आधार है। किसी भी राष्ट्र की नींव उसके राष्ट्रवासियों के चरित्र पर आधारित है। जिस राष्ट्र के नागरिकों का चरित्र जितना महान् होगा उसका भविष्य भी उतना ही महान होगा। प्रजातन्त्र के क्रियान्वयन में राष्ट्र के चरित्र की रक्षा आवश्यक है। चरित्र से नैतिकता का विकास होता है और नैतिकता प्रजातन्त्र की रक्षा कर उसे सफल बनाती है। राष्ट्रीय चरित्र से राष्ट्र के गौरव में वृद्धि होती है। यही कारण है कि भारत अपने राष्ट्रीय चरित्र के नाम पर विश्व के समक्ष अपना मस्तक ऊपर किये हुए है।

**प्रश्न—(अ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।**

**(ब) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।**

**(स) राष्ट्रीय चरित्र के विकास को किसके विकास का आधार कहा गया है ?**

**(द) चरित्र से किसका विकास होता है ?**

**प्रश्न 19.** अपने विद्यालय के प्राचार्य को विद्यालय में खेलों की समुचित व्यवस्था तथा पर्याप्त खेल-सामग्री उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में आवेदन-पत्र लिखिए। **5**

***अथवा***

नगरपालिका अध्यक्ष को जल की अनियमित पूर्ति के सम्बन्ध में शिकायती-पत्र लिखिए।

**प्रश्न 20. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में सारगर्भित निबन्ध लिखिए—** **10**

(i) जीवन में खेलों का महत्व,

(ii) सबके लिए शिक्षा,

(iii) कम्प्यूटर के क्षेत्र में भारत की प्रगति,

(iv) दहेज प्रथा : एक सामाजिक अभिशाप,

(v) पर्यावरण प्रदूषण : समस्या और निदान।

https://www.evidyarthi.in/